लोस चुनाव: यूपी में सहयोगी दलों को छह सीटें देगी भाजपा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से लड़ेंगे चुनाव!

तेजयुग न्यूज

लखनऊ। आगामी लोकसभा चुनाव में यूपी में सभी 80 सीटों पर जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा प्रदेश में सहयोगी दलों को छह सीटें दे सकती है। चुनाव की तैयारियों को लेकर बृहस्पतिवार को भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की हुई बैठक में इस पर चर्चा हुई। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

सूत्रों के अनुसार, भाजपा यूपी में रालोद को दो सीटें, अपना दल को दो सीटें, निषाद पार्टी को एक सीट और राजभर की पार्टी सुभासपा को एक सीट दे सकती है। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का लखनऊ से चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले शुक्रवार या शनिवार को सौ से अधिक उम्मीदवारों की सूची और 10 मार्च तक करीब 250 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए जाएंगे। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पूर्व प्रधानमंत्री निवास पर पार्टी के शीर्ष नेताओं की करीब छह घंटे तक चली बैठक में 21 राज्यों की 300 सीटों पर उम्मीदवारो का पैनल तैयार कर लिया गया है। इस बैठक में पंजाब, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में गठबंधन पर बातचीत तय होने तक उम्मीदवार घोषित नहीं करने का फैसला किया गया है।

मिजार्पुर में युवक की गला रेतकर हत्या

खेत में खून से लथपथ मिला शव, चिकन लाने की बात कह कर घर से निकला था

मिजार्पुर। उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर जिले में हैरान करने वाली घटना सामने आई है। जिले के जिगना थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कसघना के मदनपुर में युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार की सुबह गेहूं के खेत में फेंका गया शव मिलने से घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भीड़ जुटने लगी। इस बीच जानकारी मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई और छानबीन में जुट गई।

आशीष कुमार (22) पुत्र सुरेश चंद गुरुवार की रात आठ बजे एक रिश्तेदार के साथ मुर्गा (चिकन) खरीदने गया था, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं लौटा। शुक्रवार की सुबह गांव निवासी सुभाष चंद बिंद घर से दूध लेकर नरोइयां बाजार जा रहा था कि कमलाशंकर दुबे के गेंहू के खेत में आशीष कुमार का शव पड़ा देखा। पास गया तो देखा कि युवक का गला रेता गया था। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और लोगों से पूछताछ कर छानबीन में जुट गई। मौके पर पहुंची जिगना पुलिस को शव लेने से परिवार ने मना कर दिया। अपराधी की गिरफ्तारी व उच्च अधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे।

कर्ज में डूबे पुत्र ने गला दबाकर अपनी बुजुर्ग मां को मार डाला

तेजयुग न्यूज

पत्र लिखकर जुर्म स्वीकार किया

अयोध्या। अयोध्या नगर कोतवाली क्षेत्र के टेढ़ी गली चौक निवासी सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल कृष्ण वर्मा ने अपने मां की गला दबाकर हत्या कर दी। पत्र लिखकर अपना जुर्म भी स्वीकार किया। अत्यधिक कर्ज में डूबे होना हत्या की वजह बताया है। हालांकि परिजनों ने इसे खारिज किया है।

पुष्टि के लिए पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है। गोपालकृष्ण वर्मा ने शुक्रवार की सुबह मीडिया में स्वयं ही एक पत्र वायरल किया। इसमें उन्होंने लिखा था कि वह अत्यधिक कर्ज में डूबे हैं।

अपनी मां का दर्द उनसे देखा नहीं जा रहा है। अब अपनी मां को इस हालत में देखने की ताकत ना रहने पर उन्होंने निर्णय लिया और अपनी वृद्ध मां की गला दबाकर हत्या कर दी। यह पत्र वायरल होने पर पुलिस को जानकारी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी चार भाई हैं।

अन्य तीन भाई इसे भावुकता में लिखा पत्र बताते हुए खारिज कर रहे हैं। इसे स्वाभाविक मौत बता रहे हैं। आरोपी भी यहीं मौजूद है। मौत के कारणों की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

दर्दनाक हादसे में सगे भाइयों की मौत, कोहराम गांव में पसरा मातम

तेजयुग न्यूज

मेरठ। खरखौदा क्षेत्र में बृहस्पतिवार की रात को एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

बताया गया कि बृहस्पतिवार रात में मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पर धीरखेड़ा के पास किसी अज्ञात वाहन ने एक बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार दो सगे भाइयों कृष्ण व अशोक पुत्र सुनील की मौके पर ही मौत हो गई। इनके अलावा कन्हैया नाम का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताया गया कि पांची निवासी कृष्ण कुमार पुत्र सुनील अपने भाई अशोक कुमार व कन्हैया के साथ बाइक पर सवार होकर बीमार मां को अस्पताल में देखने जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। वहीं, एक साथ दो सगे भाइयों की मौत से परिवार में कोहराम मचा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर अशोक कुमार का कहना है कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। परिजनों के द्वारा तहरीर देने पर मामले की जांच की जाएगी।

हत्यारे देवर-भाभी को आजीवन कारावास

लखनऊ। अवैध संबंध के चलते पति की हत्या करने की आरोपी पत्नी और मृतक के भाई को दोषी करार देकर एडीजे पुष्कर उपाध्याय ने आजीवन कारावास और पांच-पांच हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है।

कोर्ट में सरकारी वकील मनोज त्रिपाठी और कृष्ण कुमार साहू ने बताया कि वादी राममिलन ने चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि चार जनवरी 2012 की रात साढ़े दस बजे उनके भाई शंकर की हत्या हो गई थी।

दरअसल इस मामले की पहली रिपोर्ट शंकर की पत्नी रेखा ने दर्ज कराई थी, जिसमें गुल्ला उर्फ जमुना प्रसाद रावत को आरोपी बनाया था।

उधर राममिलन ने बताया कि जिस रात शंकर की हत्या हुई उसी रात उसने देखा कि उसके दूसरे भाई अतुल के हाथों में खून लगा है। शक होने पर उन्होंने भी केस दर्ज करा दिया। आरोप लगाया कि अतुल और रेखा के बीच अवैध संबंध हैं।

शंकर के अंतिम संस्कार के बाद जब राममिलन ने इस बारे में अतुल और रेखा से पूछताछ की तो दोनों ने स्वीकारा कि उनके अवैध संबंध हैं। इसी के चलते बांके से हमला करके शंकर की हत्या करके निर्दोष गुल्ला को फंसा दिया है।

ट्रक ने बाइक सवार तीन को रौंदा, दो बच्चियों की मौके पर मौत, पिता गंभीर

तेजयुग न्यूज

बाराबंकी। बाराबंकी के रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मारी और फिर सड़क पर गिरे दो बच्चों व युवक को रौंदता चला गया। हादसे में दोनों मासूम बच्चों की मौके पर मौत हो गई जबकि युवक के आधे शरीर पर ट्रक की पहिया चढ़ने से हालत गंभीर है। ट्रक चालक फरार हो गया है।

रामसनेहीघाट के सुमेरगंज निवासी नीरज यादव (34) पुत्री योगिता (8) बड़े भाई पंकज यादव की पुत्री वर्तिका (5) को बाइक पर बिठाकर आधुनिक इंटर कॉलेज भिटरिया छोड़ने जा रहे थे। इस दौरान भिटरिया की ओर से बाराबंकी जा रही तेज रफ्तार ट्रक ने ब्लॉक बनी कोडर के पास नीरज की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर में सभी लोग सड़क पर जा गिरे और ट्रक तीनों को रौंदता हुआ चला गया। इसमें दोनों मासूम बच्चियों की मौके पर मौत हो गई। नीरज को सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचाया गया। उसे तुरंत डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने ट्रक को कोतवाली में खड़ा कर दिया गया है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

ट्रेलर की केबिन में धमाके के साथ भड़की आग, जिंदा जला अंदर सो रहा ड्राइवर

तेजयुग न्यूज

सोनभद्र। वाराणसी-शक्तिनगर स्टेट हाईवे पर एनसीएल खड़िया की ट्रक लोडिंग प्वाइंट के पास गुरुवार आधी रात के बाद एक ट्रेलर की केबिन में अचानक आग लग गई। आग के चपेट में आने से चालक की मौत हो गई। मृतक बभनी थाना क्षेत्र के दरनखाड़ गांव का निवासी बताया जा रहा है।

एनसीएल खड़िया की कोयला लोडिंग प्वांइट पर जाने के लिए मुख्य मार्ग से प्रवेश मिलता है। बताया जा रहा है रात होने के चलते ट्रेलर में कोयला लोड करने आए चालक मोहन गुप्ता (30) पुत्र केश लाल निवासी दरनखाड़ थाना बभनी (सोनभद्र) ने ट्रेलर को मुख्य मार्ग के किनारे खड़ा कर पिछली सीट पर सो गया।

रात 12 बजे के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेलर की केबिन में आग भड़क उठी। इसे देख आसपास के ट्रक- ट्रेलर चालक एकत्रित हो गए। इसी बीच पुलिस की गश्ती टीम भी पहुंच गई। सूचना एनसीएल के फायर ब्रिगेड को दी गई। दमकल के पहुंचने पर घंटे भर की मशक्कत पर आग पर काबू पाया जा सका।

इसके बाद पिछली सीट से चालक मोहन गुप्ता के कंकाल बन चुके शरीर को बाहर निकाला जा सका। पुलिस ने शव को एनटीपीसी के संजीवनी चिकित्सालय के मोर्चरी में रखवा कर मृतक के परिजनों व ट्रेलर के मालिक को सूचना दी।

शुक्रवार सुबह मौके पर मौजूद क्षेत्राधिकारी अमित कुमार व प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश पांडेय ने बताया कि ट्रेलर की केबिन के अंदर से एक फटा छोटा सिलेंडर बरामद हुआ है। इससे इस बात का अंदाजा लगाया जा रहा है आग सिलेंडर के चलते लगी होगी। मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी गई है।

पीएसी के सिपाही पर दुष्कर्म का केस

लखनऊ। माल इलाके में रहने वाली युवती से पीएसी के सिपाही ने फेसबुक पर दोस्ती की और फिर मिलने के बहाने हरिद्वार बुलाकर होटल में दुष्कर्म किया। विरोध पर आरोपी ने शादी का झांसा देकर चुप करा दिया। फिर कई बार शारीरिक शोषण किया। बाद में आरोपी सिपाही शादी से मुकर गया। पीड़िता ने तालकटोरा थाने में केस दर्ज कराया है। माल इलाके की रहने वाली युवती की मार्च 2023 में फेसबुक पर सहारनपुर निवासी पीएसी के सिपाही अनुज पंवार से दोस्ती हुई थी। दोनों के बीच फोन पर बातचीत होने लगी। मई 2023 में अनुज युवती से मिलने लखनऊ आया और उसे तालकटोरा बुलाया। वहां मुलाकात होने पर अनुज ने युवती को घूमने के लिए हरिद्वार बुलाया। युवती हरिद्वार पहुंच गई। जहां अनुज उसे एक होटल के कमरे ले गया और कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। फिर अनुज ने शादी का वादा किया और किसी से शिकायत न करने की बात कही। शादी के झांसे में आकर युवती चुप हो गई। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद अनुज कई बार उससे मिलने लखनऊ आया और उसका शारीरिक शोषण किया। 21 दिसंबर को युवती ने अनुज से शादी की बात रखी तो उसने मना कर दिया।

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हाईस्कूल के छात्र की मौत, दो घायल

तेजयुग न्यूज

अलीगढ़। थाना गंगीरी के गांव इंद्रानगर निवासी छात्र बाइक द्वारा हाईस्कूल की परीक्षा देने अलीगढ़ जा रहा था। सुबह करीब सात बजे जैसे ही वह शेखा गांव के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार युवक एवं उसकी मौसी घायल हो गए। पनैठी-गंगीरी रोड पर शेखा नहर पुल के पास 29 फरवरी सुबह दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे बाइक सवार हाईस्कूल के छात्र की मौत हो गई। दूसरी बाइक पर महिला समेत सवार युवक घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा है।

थाना गंगीरी के गांव इंद्रानगर निवासी संदीप पुत्र त्रिलोकी राम राजपूत 29 फरवरी की सुबह बाइक द्वारा हाईस्कूल की परीक्षा देने अलीगढ़ जा रहा था। सुबह करीब सात बजे जैसे ही वह शेखा गांव के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी टक्कर हो गई।

हादसे में 17 वर्षीय संदीप की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार थाना रामघाट के गांव सिलहारी निवासी योगेश कुमार पुत्र सत्यपाल एवं उसकी मौसी नेमश्री पत्नी अरमान सिंह घायल हो गए।

लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पनैठी पुलिस चौकी इंचार्ज अवनेश त्यागी ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। मृतक युवक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

राजभर-दारा बनेंगे मंत्री, रालोद को भी कैबिनेट में मिलेगी जगह!

सीएम योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल से की मुलाकात

तेजयुग न्यूज

लखनऊ। दिल्ली में भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार की चचार्एं तेज हो गई हैं।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की है। कयास लगाए जा रहे हैं कि अगले एक दो दिनों में मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में सहयोगी दलों में सीट शेयरिंग तय होने के बाद मंत्रिमंडल विस्तार के कयास लगाए जा रहे हैं। संभावित मंत्रिमंडल विस्तार में ओमप्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान को मंत्री बनाया जा सकता है। वहीं, एनडीए में शामिल आरएलडी से भी मंत्री बनाए जाने की चर्चा है।

शादी शून्य होने पर भी पत्नी कर सकती है घरेलू हिंसा का केस, हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में कहा है कि विवाह शून्य घोषित होने पर भी पत्नी घरेलू हिंसा का मुकदमा कर सकती है। शादी को समाप्त होने से घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 12 के तहत दाखिल परिवाद पर कोई असर नहीं पड़ेगा। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने यह फैसला व आदेश पति की याचिका पर दिया।

प्रतापगढ़ जिले के इस मामले में याची पति का कहना था कि उसकी और शिकायतकर्ता पत्नी की शादी को 26 मार्च 2021 को परिवार न्यायालय ने डिक्री पारित करते हुए शून्य घोषित कर दिया है। ऐसे में घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत उसके खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है।

कोर्ट ने इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि अलग होने से पूर्व याची व विपक्षी पति-पत्नी की तरह ही रह रहे थे और एक घरेलू नातेदारी में थे।

ऐसे में पत्नी घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पीड़िता मानी जाएगी और धारा 12 के तहत परिवाद दाखिल करने का पूर्ण अधिकार है।

इस विधिक व्यवस्था के साथ कोर्ट ने पति की याचिका को खारिज कर दिया।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने काफी टेबल बुक का किया विमोचन

अफसरों संग कर रहे चुनावी तैयारियों की समीक्षा

तेजयुग न्यूज

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और आयुक्त अरुण गोयल ने विधानसभा के तिलक हॉल में काफी टेबल बुक का विमोचन किया। इसके बाद मंडलीय और जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों पर समीक्षा कर रहे हैं।

इसके पहले बृहस्पतिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अरुण गोयल व आयोग की पूरी टीम लखनऊ पहुंची। आयोग ने पहले दिन योजना भवन में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा, डीजीपी प्रशांत कुमार, नोडल अधिकारी अमिताभ यश और अर्द्धसैनिक बलों के नोडल अधिकारी सतपाल रावत से चुनावी तैयारियों पर बात की।

सीईसी ने युवाओं और महिलाओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर पानी, पंखा, बिजली, छाया सहित अन्य व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। कहा, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए हर संभव कदम उठाएं। उन्होंने फिर कहा, तीन साल से अधिक समय से तैनात अधिकारी हटाएं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाता सूची पुनरीक्षण, नए मतदान केंद्रों के गठन, मतदान कर्मियों की नियुक्ति, दिव्यांगों के मतदान की व्यवस्था सहित अन्य विषयों पर पस्तुतीकरण दिया। आयोग की टीम ने भाजपा, आम आदमी पार्टी, बसपा, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, कांग्रेस, अपना दल (सोनेलाल) और सपा के प्रतिनिधियों से भी बातचीत की। बैठक में वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा, और नितेश व्यास, उप चुनाव आयुक्त अजय भादू, हृदेश कुमार, आरके गुप्ता, एमके साहू, महानिदेशक बी. नारायणन, निदेशक शुभ्रा सक्सेना सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।